हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026



11 ग्रीन बेल्ट को डंपिंग प्वाइंट बनाने पर लगाई फटकार




12 नामधारी समाज का इतिहास त्याग, बलिदान व संघर्ष से भरा हुआ...




मार्च के दूसरे सप्ताह तापमान 35 से 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना

# 22 सालों का रिकॉर्ड टूटा, तापमान 35 पार, मार्च में 5 से 6 नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बादलवाही व बूंदाबांदी की संभावना

## इससे पहले 2004 में मार्च के पहले सप्ताह में इतनी गर्मी पड़ी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फरवरी महीने की तरह मार्च में भी मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। गर्मी ने धीरे-धीर दस्तक देनी शुरू कर दी है। 8 मार्च से एक बार फिर से मौसम में बदलाव दिखाई देगा। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 8 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हो जाएगा जिसके कारण राज्य में बादल छाए रहेंगे। वहीं उत्तरी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मार्च के दूसरे सप्ताह में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मार्च महीने में 5 से 6 पश्चिमी विक्षोभ आएंगे, जिसके बाद तापमान में फिर बढ़ोतरी होगी। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि मार्च के दूसरे सप्ताह तापमान 35 से 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

### तेज गर्मी का हो रहा एहसास

बता दें कि मौसम में फरवरी की भांति मार्च में भी उलटफेर देखने को मिलेगा क्योंकि इस पूरे महीने में कुल 5 से 6 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। मार्च में पहले पखवाड़े के पहले सप्ताह में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। दूसरे सप्ताह में 8 व 9 मार्च को सक्रिय पश्चिमी मौसम प्रणाली से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी जबकि दूसरे पखवाड़े में तापमान में उतार चढ़ाव रहेगा। पहले सप्ताह में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसके बाद तापमान में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद कम है। फतेहाबाद जिला में अधिकतम तापमान अभी से 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, जिससे दिन में तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह मार्च माह के पहले सप्ताह का बीते 22 सालों का रिकॉर्ड तापमान है। इससे पहले 2004 में मार्च के पहले सप्ताह में इतनी गर्मी पड़ी थी।



फतेहाबाद। बढ़ती गर्मी के चलते सुनसान पड़ी अनाज मण्डी। फोटो: हरिभूमि

### पश्चिमी हवाएं चलने से बढ़ रहा पारा

वर्तमान में गुजरात और पश्चिमी राजस्थान से सटे अरब सागर के ऊपर एक एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही पश्चिमी हवाएं सीधे तौर पर तापमान बढ़ा रही हैं। दक्षिण-पश्चिमी हरियाणा में 8 से 10 मार्च के बीच पारा 35 से 40 डिग्री तक पहुंच सकता है।

-डॉ. चंद्रमोहन, पर्यावरणविद्

### 24 घंटों में 2 डिग्री बढ़ा तापमान

24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। वर्तमान में फतेहाबाद जिला में मौसम शुष्क बना हुआ है। दिन और रात दोनों के तापमान सामान्य अधिक दर्ज किए जा रहे हैं। रात्रि का तापमान 15 से18 डिग्री सेल्सियस वहीं दिन का तापमान 32.से 35। डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। मार्च माह में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभों में से कम से कम तीन सिस्टम द्वारा तेज गति की हवाओं और आंधी के साथ हरियाणा, एनसीआर और दिल्ह हल्की बारिश या बूंदाबांदी की प्रबल संभावना बन रही है। इनकी वजह से पूरे महीने मौसम में बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा।

## कम्प्यूटरीकृत एकाउंटिंग कोर्स के आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पंचायत भवन में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 6 अप्रैल सोमवार से कंप्यूटरीकृत एकाउंटिंग का विशेष प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया जा रहा है। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को टैली सॉफ्टवेयर, जीएसटी, टीडीएस, फाइनेंस, आयकर और विभिन्न प्रकार की टैक्स रिटर्न आईटीआर व जीएसटी फाइल करने का संपूर्ण व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर बेसिक, एमएस एक्सेल और वर्ड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा थ्योरी और प्रैक्टिकल के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फाइनल मैच को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा

**रतिया।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले फाइनल मैच को लेकर खेल प्रेमियों में काफी उत्साह है। फाइनल मैच 8 मार्च, रविवार को खेला जाएगा। श्री नीलकंठ कावड़ महासंघ के प्रवक्ता ने बताया कि फाइनल मैच को बड़ी स्क्रीन पर देखने के लिए रतिया में विशेष प्रबंध किया गया है। अनाज मण्डी स्थित बूथ नंबर 14, शुभम ट्रेडिंग कंपनी पर फाइनल मैच को लेकर बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस आयोजन में श्री नीलकंठ कावड़ महासंघ के प्रधान रमन बलाना, चेयरमैन कमल अरोड़ा व सती मन्दिर कमेटी के प्रधान सोमनाथ गर्ग विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

### हेरोइन तस्करी मामले में फरार युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए फरार नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि एन्टी नारकोटिक सेल फतेहाबाद को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरप्रीत उर्फ डारी पुत्र बाबू सिंह निवासी बबनपुर ढाणी, रतिया हेरोइन बेचने का अवैध कारोबार करता है। वह रामनगर कॉलोनी रतिया में अपने ग्राहकों को हेरोइन सप्लाई करने आता है। सूचना के बाद एन्टी नारकोटिक सेल की टीम ने रामनगर कॉलोनी रतिया में रेड की।

### डोडा पोस्त तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर दबोचा

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कान्हा राम पुत्र जगदीश निवासी गांव ठरवां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सात हजार रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि 27 फरवरी को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव ठरवा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कालू अपनी ढाणी में भारी मात्रा में डोडा पोस्त रखकर बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम योजना बनाकर आरोपी को मौके पर पकड़ लिया।

### सरकारी स्कूल में चोरी के मामले में दो काबू

**फतेहाबाद।** भूना के सरकारी स्कूल से हजारों रुपये का सामान चोरी होने के मामले को सुलझाते हुए भूना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शिवा उर्फ सिब्बू पुत्र संजय और विकास पुत्र रविंद्र निवासी वार्ड नंबर 5, भूना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूना के प्राचार्य नरेश शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 4 मार्च को दिन के समय स्कूल परिसर से पानी की 2 मोटर और कूलर की जालियां चोरी हो गई हैं।

## एचडब्ल्यूसी, हैफेड और फूड एंड सप्लाई करेगी सरकारी खरीद

# एक अप्रैल से होगी गेहूं की खरीद 7 मंडियां और 45 केन्द्र स्थापित

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

**2585 रुपये एमएसपी पर गेहूं खरीदेगी सरकार**

जिले में गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार तीन सरकारी खरीद एजेंसियां हरियाणा वेयर हाऊस कारपोरेशन, हैफेड तथा खाद्य आपूर्ति विभाग गेहूं की खरीद करेंगी। केन्द्र सरकार ने इस बार गेहूं के एमएसपी में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। इस बार सरकार 2585 रुपये प्रति क्विंटल की हिसाब से गेहूं खरीद करेगी। पिछले साल गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल था। फतेहाबाद जिला में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए सरकार ने फतेहाबाद में 7 मण्डियां और 45 खरीद केन्द्र बनाए हैं। जिला में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने में अभी 25 दिन का ही समय शेष है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग गेहूं खरीद की तैयारियों में जुट गया है। लिफ्टिंग से लेकर लोडिंग-अनलोडिंग के ठेके देने की तैयारी चल रही है। जिले की अनाज मण्डियों फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, जाखल, धारसूल, भूना, कुलां व भट्टूकलां के अलावा 45 खरीद सैंटर पर गेहूं खरीद की जाएगी। हालांकि इस बार मौसम में बदलाव रहने से अभी गेहूं को पकने में समय है। एक अनुमान के अनुसार फतेहाबाद की मण्डियों में 10 अप्रैल से पहले गेहूं आवक की कोई उम्मीद नहीं है। इस बीच अनाज मण्डी में गेहूं के सीजन को देखते हुए साफ-सफाई का काम शुरू हो गया है। स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किया जा रहा है। किसानों को पेयजल में कोई दिक्कत न आए, इसके लिए वॉटर कूलर लगाए जा रहे हैं। किसानों को एक तय रेट पर खाना परोसने के लिए अनाज मण्डी के बाहर अटल कैंटीन भी चल रही है जिसमें प्रति व्यक्ति 10 रुपये थाली खाना परोसा जाएगा। अनाज मण्डी में किसानों के रहने के लिए किसान विश्राम गृह की साफ-सफाई की जा रही है। फतेहाबाद की नई अनाज मण्डी में गेहूं खरीद की तैयारियां चल रही हैं।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी का मेन गेट। फोटो: हरिभूमि

### पिछले 6 सालों में हुई गेहूं खरीद

| वर्ष | कुल खरीद |
|---|---|
| 2020-21 | 7,12,551 एमटी |
| 2021-22 | 6,94,461 एमटी |
| 2022-23 | 4,29,641 एमटी |
| 2023-24 | 6,14,656 एमटी |
| 2024-25 | 7,01,641 एमटी |
| 2025-26 | 6,55,000 एमटी |

### बोरियों की सिलाई के ठेके दिए

मण्डी में लोडिंग-अनलोडिंग की निविदाएं खोली जा रही हैं। गेहूं की बोरियों की सिलाई के लिए ठेके दे दिए गए हैं। बाहर से लेबर का इंतजाम किया जा रहा है ताकि मण्डी से उठाकर गेहूं को गोदामों तक पहुंचाने में कोई दिक्कत न आए। बता दें कि इस बार सरकार 2585 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं की खरीद करेगी जबकि 2025 में यह दर 2425 रुपये थी। 2024 में गेहूं का एमएसपी 2275 रुपये प्रति क्विंटल था।




रतिया। नगर पालिका कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

## निलंबित कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज

- एनडीसी पोर्टल में अनियमितता बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया पुलिस ने रतिया नगर पालिका के निलंबित चल रहे कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह मामला नगर पालिका के सचिव की शिकायत पर दर्ज किया गया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है और रिकॉर्ड को कब्जे में लेने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। रतिया नगर पालिका सचिव ने शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से प्राप्त पत्र का जिक्र करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर पत्र लिखा है। सचिव द्वारा पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय के संज्ञान में आया है कि नगर पालिका रतिया के भीतर एनडीसी पोर्टल पर अनियमितताए की गई है। इन अनियमितताओ की रिपोर्ट डीटीपी एचक्यू द्वारा की गई थी और हवा सिंह जे ई उस समय यूएलबी में चेकर के रूप में कार्यरत थे। सचिव ने शिकायत में बताया कि हवा सिंह जेई ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एनडीसी पोर्टल पर 35 से 40 पीआईडी की स्थिति को गलत तरीके से अनाधिकृत से अधिकृत में बदल दिया। इन कार्यों को गंभीर प्रकृति में श्रेणीबद्ध किया गया है।

### पिछले वर्ष हुए थे निलंबित

रतिया नगर पालिका में कार्यरत रहे कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह को नगर निकाय विभाग निदेशालय द्वारा पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। निलंबन को लेकर जो आदेश निकाले गए थे उसमें निलंबित करने के लिए कोई भी कारण नहीं बताया गया था और उन्हें निलंबित अवधि के दौरान मुख्यालय में अटैच कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि विभाग द्वारा एनडीसी पोर्टल में अनियमितता के कारण ही उन्हें निलंबित किया गया था अब इस मामले में पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है।

## पीड़ित परिवार को सुरक्षा का आश्वासन

- खारा खेड़ी से परिवार के पलायन का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के गांव खारा खेड़ी में अनुसूचित वर्ग के एक परिवार के पलायन से जुड़े मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कड़ा संज्ञान लिया है। मामले में डीएसपी संजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से सीधा संवाद किया। पुलिस टीम ने सुखदेव सिंह को आश्वस्त किया कि फतेहाबाद पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनके परिवार से खतरा महसूस होता है, तो पुलिस तुरंत सुरक्षा मुहैया कराएगी।



फतेहाबाद। पीड़ित परिवार से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### क्या है पूरा मामला

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अगस्त 2025 में सुखदेव सिंह की शिकायत पर सरपंच संजय कुमार, सौरभ, अजीत, अमर सिंह और अनिल कुमार के खिलाफ सदर थाना फतेहाबाद में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में उसे संजय को सरपंच पद से सस्पेंड कर दिया गया था। आरोपी बीती 26 फरवरी 2026 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से जमानत पर बाहर आए हैं। परिवार का आरोप है कि जिस दिन जमानत पर आया उस दिन 15 गाड़ियां घर के आगे से निकाल कर ले गए।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों में हड़कंप

- मुख्य बाजारों में दुकानों के आगे रखे सामान व होर्डिंग्स को कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले काफी समय से अतिक्रमण को लेकर कुंभकर्णी नींद में सोये अधिकारियों की शुक्रवार को नींद खुली। इसके बाद नगर परिषद द्वारा फिर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों के आगे रखे सामान व होर्डिंग्स को नगरपरिषद कर्मचारियों ने उठाकर अपने कब्जे में ले लिया। नगरपरिषद के कर्मचारी बाजार में पहुंचे तो दुकानदारों में हडकंप मच गया। थाना रोड में दुकानदारों ने बाहर रखे सामान को स्वयं ही उठाकर अंदर रखने लगे। नगरपरिषद कर्मचारियों का कहना था कि पिछले कई दिनों से रेहड़ी चालकों व दुकानदारों को साफ चेतावनी दे रखी है कि कोई भी सडक़ पर अवैध रूप से अतिक्रमण करेगा, उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके बावजूद लोग दुकानों के आगे सामान रखने से बाज नहीं आ रहे, यही कारण है कि बाजारें संकरी हो रही हैं और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस दौरान सचिव गोबिंद, सीएसआई सतपाल सैनी, एसआई महेश कुमार मौजूद रहे। बुधवार को नगरपरिषद की टीम ने थाना रोड, महाराजा अग्रसेन चौक, चार मरला कॉलोनी, जवाहर चौक में दुकानों के आगे रखे सामान को हटवाया। इस दौरान दर्जनों दुकानों का सामान जब्त किया। नगर परिषद टीम पहले थाना रोड पर पहुंची।



फतेहाबाद। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते नगरपरिषद कर्मचारी।

### लगा रहता है जाम

दरअसल थाना रोड, हंस मार्किट, फव्वारा चौक, धर्मशाला रोड, मेन बाजार व शिव चौक की सडक़ें संकरी हैं और पूरा दिन यहां जाम लगा रहता है। इसका मुख्य कारण दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर फुटपाथ व सडक़ पर रखा सामान है। अगर दुकानों के आगे सामान न रखा हो तो सडक़ें खुली दिखती हैं और वाहनों का आवागमन अच्छे से हो जाता है। नगरपरिषद की टीम जब कब्जा हटवाती है तो कुछ दिन तो सडक़ें खुली नजर आती हैं लेकिन बाद में दुकानदार फिर सडक़ पर कब्जा कर लेते हैं। इसी के चलते डीसी ने इस बारे सख्त आदेश दे रखे हैं।

## गांव खेड़ी में आयोजित महापंचायत में लिए कई समाज सुधार के फैसले

# डीजे पर पाबंदी, चंदा मांगने वालों पर रहेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

गांव खेड़ी में ग्राम पंचायत और ग्रामीणों द्वारा महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें कई सामाजिक सुधार के फैसले लिए गए हैं। सरपंच सुरेश पूनिया ने बताया कि गांव में विवाह शादी या अन्य समारोह में डीजे बंद किया गया है। इसके अलावा ट्रैक्टर अन्य साधनों पर डीजे बंद किया गया है और जो फैसले का उल्लंघन करेगा उसको 5100 का जुर्माना कमेटी द्वारा लगाया जाएगा और वह राशि गांव की गौशाला में दान की जाएगी। बाहरी एरिया से आश्रम या समाज सेवा के नाम पर आने वाले लोगों को कोई भी चंदा या अनाज नहीं दिया जाएगा। गांव में भीख मांगने वालों पर पाबंदी रहेगी। गांव में अवैध शराब या चिटा हेरोइन इत्यादि नहीं बेची जाएगी और यदि कोई बेचता हुआ पाया जाएगा तो उस पर 5100 जुर्माना लगाया जाएगा। तथा उसकी जमानत करवाने के लिए गांव का कोई आदमी नहीं जाएगा। अगर कोई जाएगा तो उसे 1100 रुपए जुर्माना होगा।



सिरसा। महापंचायत में भाग लेते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### डिस्पोजल वेस्ट को निर्धारित स्थान पर डाला जाएगा

विवाह शादी में निकलने वाले डिस्पोजल वेस्ट को ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान पर डाला जाएगा और यदि सार्वजनिक स्थान पर कोई डालेगा तो उससे 1100 रुपए जुर्माना वसूल किया जाए। शमशान भूमि के सामने या सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने वाले आदमी औरत से 500 जुर्मान वसूल किया जाएगा। गांव में कीन्नरों के लिए 1100 की राशि निर्धारित की गई है। गांव में मकान का मलबा गुसाईयाना रोड पर जोहड़ के उत्तरी साइड में ही डाल सकेंगे। महापंचायत द्वारा लिए गए फैसलों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का फैसला कमेटी लेगी और कमेटी में छबीला राम, हरदत पूनिया, विजय सिंह बुडानिया, रामजीलाल गोदारा, रिछपाल सिद्धू, दिलीप सिंह सहारण, प्रताप नंबरदार, कृष्ण कुमार, प्रेम पूनिया, कुतन सिंह, बलराम पूनिया, महावीर साहू, कृष्ण पूनिया, धर्मवीर मास्टर समर सिंह, लादूराम पूनिया, कृष्णा पुजारी, मोहनलाल, जवाहरलाल गोदारा, सरपंच सुरेश पूनिया को शामिल किया गया है।



## ईमानदारी की मिसाल, सड़क पर मिला कीमती मोबाइल, असली मालिक को सौंपा

**फतेहाबाद।** आज के समय में जहां अक्सर लोगों को खोई हुई वस्तुएं वापस मिलना मुश्किल होता है, वहीं गांव दरियापुर के डेरा प्रेमी हर्षमित इन्सां ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक कीमती मोबाइल उसके असली मालिक तक पहुंचाकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण रखा है। मिली जानकारी के अनुसार हर्षमित हिसार से लौटते समय सुबह करीब 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर खारा खेड़ी के पास पहुंचे। इसी दौरान उन्हें सडक़ पर एक कीमती मोबाइल फोन पड़ा मिला। मोबाइल लॉक होने के कारण वे तुरंत उसके मालिक से संपर्क नहीं कर सके।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला




# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। **SVF** एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## खबर संक्षेप

### गौ गोपाल भक्ति कथा अमृत प्रवाह 11 से

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल गौशाला में गौ गोपाल भक्ति कथा अमृत प्रवाह व गोदान 11 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। गौशाला प्रधान जोगेंद्र नागपाल ने बताया कि कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद भिक्षु वाले कथावाचन करेंगे। उन्होंने बताया कि शिव पूजन, रुद्राभिषेक, पट्टाभिषेक व गोदान का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। उसके बाद जलपान होगा। कथा का समय शाम 4.30 बजे से 7.30 बजे तक रहेगा। प्रधान ने बताया कि कथा के बाद प्रतिदिन भंडारा श्री अमरनाथ सेवा समिति के सौजन्य से लगाया जाएगा।

### महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सिरसा।** जिले के गांव अलीका में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि गांव अलीका निवासी कम्मो ने अपने बाथरूम की चौखट पर रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतका कम्मो का पति आठ माह पहले सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जो कि अभी तक ठीक नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### घर में सेंध लगाकर आभूषण व नकदी चुराई

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर 20 में एक घर में चोरों ने सेंध लगाकर आभूषण व नगदी चुरा ली और फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में कालूराम शर्मा ने बताया कि वह मूलरूप से राजस्थान के हनुमानगढ़ का रहने वाला है और हाल ही में सिरसा के सेक्टर 20 में रहता है। उसकी सिरसा के धिंगतानिया गांव में बकरियांवाली रोड पर चौखट की फैक्ट्री है। उसकी पत्नी पाना शर्मा रिफिल शूटिंग गेम की प्रैक्टिस करती है। बीते दिवस वह फैक्ट्री में चला गया था। कुछ देर बाद उसकी पत्नी पाना भी शूटिंग रेंज पर चली गई। दोपहर को उनके घर पर सफाई करने के लिए नौकर आया और सफाई करके चला गया।

### हनुमंत फाउंडेशन का नेत्र जांच शिविर 8 को

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से 8 मार्च को आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के आपरेशन और ब्लड शुगर जांच का 279वां निशुल्क मासिक चिकित्सा कैंप नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल होस्पिटल में आयोजित किया जाएगा। कैंप में आंखों की बीमारियों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा व डॉ. महिप बंसल द्वारा की जाएगी तथा सफेद मोतियाबिंद के लिए गरीबी रेखा से नीचे वाले चयनित परिवारों के मरीजों के आपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया सालाना दीवान

**ओढां।** श्री पीरखाना, ओढ़ा में सालाना दीवान बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। बाबा प्रेम गर्ग गद्दीनशीन जग्गा राम तीर्थ, बाबा कमल डबवाली व बाबा कुक्कु सिरसा और शेख सांईयों के पहुंचने पर स्वागत किया। इसके बाद पीरखाना के गद्दीनशीन बाबा सोहन लाल गर्ग व बाबा प्रेम गर्ग गद्दीनशीन जग्गा राम तीर्थ ने बाबा लखदाता पीर व मीरा साहिब के चिराग ऐ रोशन किए व धूप डालकर पीरबाबा को भोग लगाकर लंगर शुरू करवाया। इस मौके पर बाबा सोहन लाल गर्ग व बाबा सतीश गर्ग को अनेक श्रद्धालुओं व कमेटी सदस्यों ने हार पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद काफी संख्या में पंजाब व हरियाणा से पधारे भक्तों ने लाइन लगाकर बाबा जी के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा प्रेम गर्ग व बाबा सतीश गर्ग सहित अनेक शेख साईयों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजरी लगवाई।

## सांसद ने दिशा की बैठक में सुनीं जन शिकायतें

# ग्रीन बेल्ट को डंपिंग प्वाइंट बनाने पर कुमारी सैलजा ने अधिकारियों को लगाई फटकार

- शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फैल रही गंदगी और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की
- यातायात पर पड़ रहे प्रभाव पर भी की चर्चा



**सिरसा।** दिशा की बैठक में शिकायतें सुनती सांसद सैलजा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। बैठक के दौरान सांसद सैलजा ने शहर की सफाई व्यवस्था और नागरिक अस्पताल के सामने स्थित ग्रीन बेल्ट को डंपिंग प्वाइंट में तब्दील किए जाने पर अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्रीन बेल्ट में कचरा डालना ही है तो फिर पंचायत भवन के पार्क में ही डंपिंग प्वाइंट बना लिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना होता है, लेकिन उसे कचरा फेंकने की जगह बना देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद सैलजा ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस स्थान से तुरंत कचरा हटाकर इसे दोबारा ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फैल रही गंदगी और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। सांसद ने अधिकारियों से सवाल किया कि बार-बार सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति लगातार खराब क्यों होती जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### रेलवे परियोजनाओं की धीमी गति प्रगति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया

*बैठक में शहर में चल रही रेलवे परियोजनाओं की धीमी प्रगति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। सांसद सैलजा ने निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज सहित अन्य रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शहर में निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज का कार्य अभी तक लगभग 50 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। इस पर सांसद ने अधिकारियों से पूछा कि जब पिछले तीन महीनों में मात्र 10 प्रतिशत कार्य हुआ है तो शेष कार्य निर्धारित समय सीमा तक कैसे पूरा होगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कार्य योजना प्रस्तुत करने और कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कोर्ट रोड पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी-144) के कारण शहर के यातायात पर पड़ रहे प्रभाव पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पेयजल लाइन का कार्य पूरा होने के बाद अब लंबित सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो सके। सांसद ने चत्तरगढ़पट्टी रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की प्रगति पर भी जानकारी ली और निर्माण कार्य के दौरान शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिसार रोड, कोर्ट रोड और चत्तरगढ़पट्टी रोड शहर को जोडने वाले प्रमुख मार्ग हैं, इसलिए निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए जाएं।*

### नहरी पानी न मिलने की शिकायतों पर चर्चा

*बैठक में किसानों को पर्याप्त नहरी पानी न मिलने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से टेल पर स्थित गांवों, चौटाला, रानियां, चौपटा और ऐलनाबाद में पानी की कमी का मुद्दा उठाया गया। सांसद सैलजा ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए पिछले चार सप्ताह में नहरी पानी की आपूर्ति का पूरा विवरण प्रस्तुत करने तथा टेल तक पानी पहुंचाने में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। बैठक में उपायुक्त शान्तनु शर्मा, जिला परिषद के अध्यक्ष करण चौटाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*



**सिरसा।** प्रगतिशील किसान सुरेंद्र कुमार को सम्मानित करते हुए कृषि मंत्री।

# रूपाना खुर्द के प्रगतिशील किसान सुरेंद्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

क्षेत्र के गांव रूपाना खुर्द के प्रगतिशील किसान सुरेंद्र कुमार को दो दिवसीय कृषि विकास मेले में समेकित कृषि प्रणाली के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा द्वारा प्रदान किया गया। सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यह उनके जीवन का अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है, जिसने उनकी वर्षों की मेहनत को नई पहचान दी है। यह दो दिवसीय कृषि विकास मेला चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने भाग लिया। मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती के तौर-तरीकों से अवगत कराना था। सुरेंद्र कुमार ने हरियाणा कृषि विभाग का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

### बिना सरकारी सहायता के शुरू किया व्यवसाय

सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने शुरुआत अपने स्वयं के संसाधनों से की। बाद में पशुपालन विभाग से बिना ब्याज के ऋण प्राप्त किया, जिससे विस्तार में सहायता मिली। सुरेंद्र कुमार का मानना है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद केवल सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने के बजाय युवाओं को कृषि आधारित व्यवसाय की ओर भी ध्यान देना चाहिए। उनके मॉडल को देखकर क्षेत्र के कई युवाओं ने भी दूध उत्पादन और पशुपालन का कार्य शुरू किया है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि यदि किसान पारंपरिक खेती के साथ डेयरी, बकरी पालन और जैविक खाद उत्पादन को जोड़ लें तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं। गांव रूपाना खुर्द के इस प्रगतिशील किसान ने यह साबित कर दिया है कि यदि किसान आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सलाह और बहुआयामी सोच के साथ खेती करें, तो कृषि केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान और समृद्धि का मार्ग भी बन सकती है।

### सड़कों की दयनीय दशा सुधारने की मांग

*सिरसा। भाजपा नेता कुलवंत राय ने सिरसा वाया रंगड़ीखेड़ा-जमाल रोड इत्यादि कुछ सडक़ों की विभागीय उपेक्षाओं के कारण उत्पन्न दयनीय दशा को सुधारने के लिए प्रशासन से संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिरसा से वाया रंगड़ीखेड़ा जमाल होते हुए राजस्थान के नोहर इत्यादि क्षेत्रों में सबसे कम लंबी दूरी का रास्ता है। इस सडक़ की दयनीय दशा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की हरियाणा रोडवेज व अन्य साधन को सबसे कम दूरी वाले सिरसा-रंगड़ीखेड़ा-जमाल से नोहर जाने वाले रास्ते को छोडक़र ज्यादा समय, ज्यादा पैसा व ज्यादा इंधन खर्च करके ज्यादा लंबा सफर तय करके सिरसा से वाया चोपटा, जमाल होकर नोहर जाने वाले साधनों व लोगों को आवागमन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक अन्य मामले में सबसे कम दूरी तय करके गन्तव्य तक पहुंचाने वाले वाया सिरसा से माधोसिंघाना-फेफाना से नोहर वाले सदियों से उपयोग में लाए जाने वाले रास्ते को माधोसिंघाना से फेफाना के बीच में मात्र कुछ मीटर के टुकड़े को न बनाने के कारण से बनी बनाई सडक़ उपयोग में नहीं लाई जा रही है, जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह रह एक अन्य मामले में मौजदीन से वाया माधोसिंघाना जमाल जाने वाली सडक़ बनने के साथ-2 ही टूट गई, जिस कारण यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है।*

# सड़कों पर उतरकर करेंगे विरोधः राजपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

आरएमपी डॉक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से जारी पत्र के खिलाफ आरएमपी चिकित्सकों का विरोध तेज हो गया है। इस मुद्दे को लेकर शहर के श्री युवक साहित्य सदन में आरएमपी चिकित्सकों और आयुर्वेदिक अनुभवी डॉक्टरों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन के रुख पर कड़ी नाराजगी जताई गई।

बैठक में आयुर्वेदिक अनुभवी चिकित्सक समाज समिति के प्रदेशाध्यक्ष राजपाल वर्मा ने कहा कि बिना स्पष्ट मापदंड तय किए प्रैक्टिस कर रहे सभी डॉक्टरों को एक ही श्रेणी में रखना पूरी तरह गलत और



अन्यायपूर्ण है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आरएमपी चिकित्सक वर्षों से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं, जहां सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं अक्सर सीमित रहती हैं। ऐसे में सीधे कार्रवाई की चेतावनी देना न केवल चिकित्सकों का अपमान है बल्कि इससे आम जनता की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

## न्यूज डायरी

### गोशाला से केबल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**सिरसा।** पुलिस ने गौशाला से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि श्री गौशाला में कार्यरत पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 14 फरवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात युवक गौशाला में घुसकर ट्यूबवेल की केबल तार चोरी कर मौका से फरार हो गए। प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना शहर में अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की है। जांच के दौरान सदर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बॉबी व साहिल निवासी सिंगीकाट मौहल्ला मेला ग्राउंड सिरसा को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया।

### अनंत ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में लहराया परचम

**सिरसा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र अनंत सिहाग ने एसओएफ इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 6 के छात्र अनंत ने परीक्षा में 60 में से 50 अंक प्राप्त कर 83.33 प्रतिशत अंक अर्जित किए। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 95.91 रहा, जो उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता को दर्शाता है। अनंत सिहाग ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने जोनल स्तर पर 24वीं, क्षेत्रीय स्तर पर 69वीं तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 78वीं रैंक हासिल की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन, सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन तथा सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से उन्हें स्टूडेंट प्रोग्रेस रिपोर्ट (एसपीआर) भी प्रदान की गई।

### जेल लोक अदालत में एक बंदी रिहा



**सिरसा।** स्थानीय जिला जेल में शुक्रवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल तीन मामलों की फाइलें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से एक मामले का निपटारा करते हुए बंदी को रिहा किया गया। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत का आयोजन प्रत्येक माह दो बार किया जाता है, जो माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को आयोजित होती है। इस लोक अदालत का उद्देश्य छोटे मामलों में लंबे समय से जेल में बंद बंदियों को शीघ्र न्याय प्रदान करते हुए उन्हें रिहा करना है।

### प्राकृतिक खेती अपनाने पर मिल रहा आर्थिक प्रोत्साहन

**सिरसा।** हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से हटाकर पर्यावरण अनुकूल और कम लागत वाली प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना है। इसके तहत किसानों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है, जिससे वे आसानी से प्राकृतिक खेती अपना सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की प्राकृतिक खेती योजना के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# महिला थाना प्रभारी ने की नुक्कड़ सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

महिला थाना प्रभारी ने गांव केलनियां में शुक्रवार को महिलाओं के साथ नुक्कड़ सभा आयोजित की और उन्हें नशे तथा साइबर क्राइम के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।महिला थाना प्रभारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ चल रहे इस अभियान में बढ़-चढक़र भाग लें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अभिभावकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो बच्चों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। उन्हें सही मार्गदर्शन देकर नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए लगातार प्रेरित करना चाहिए।

महिला पुलिस टीम ने इस दौरान उपस्थित से भी अपील की कि वे नशे के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लें तथा सिरसा को नशा मुक्त बनाने में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा और खेलों से जोडक़र उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में महिला शक्ति का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## बिजली घर में घुसकर कर्मचारी पर हमला करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**जाखल।** गांव म्योंद कलां बिजली घर में घुसकर कर्मचारी पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गुरजीत सिंह पुत्र तीरथ सिंह निवासी देहला, थाना मूनक, जिला संगरूर तथा गुरप्रीत उर्फ गुरी पुत्र चरण सिंह निवासी म्योंद कलां, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने जितेंद्र कुमार निवासी चमेला कॉलोनी, नरवाना, की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह 33 केवी सब स्टेशन म्योंद कलां, जिला फतेहाबाद में कार्यरत है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 7 जनवरी शाम को वह 33 केवी सब स्टेशन म्योंद कलां में ड्यूटी पर मौजूद था। इसी दौरान एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर स्टेशन के अंदर आया और कुछ ही देर में उसके साथ 6-7 अन्य लोग भी अंदर आ गए। सभी के मुंह ढके हुए थे तथा उनके पास डंडे, गंडासे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसे ड्यूटी के दौरान धमकाते हुए डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद शिकायतकर्ता को उपचार के लिए सीएचसी जाखल में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसकी एमएलआर तैयार की गई।

### अवैध मदरसों व प्रवासियों के खिलाफ प्रदर्शन

**टोहाना।** टोहाना में बजरंग दल और गोरक्षा दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने अवैध मदरसों, अवैध प्रवासियों और लाउडस्पीकर के अत्यधिक उपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संगठनों ने एसडीएम आकाश शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और हरियाणा सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर एक लिखित ज्ञापन दिया। उन्होंने शहर में अवैध रूप से चल रहे मदरसों, बिना पहचान वाले अवैध प्रवासियों और मस्जिदों-मदरसों में अत्यधिक तेज ध्वनि वाले लाउडस्पीकरों पर कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित भालोठिया, गोरक्षा प्रमुख विद्यासागर, टोहाना संयोजक अनमोल, रतिया संयोजक अभिषेक और भुना संयोजक अनिल नेहरा ने बताया कि टोहाना में कई मदरसे बिना प्रशासनिक अनुमति और पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं।

### घुक्कांवाली की टीम बनी विजेता

**कालांवाली।** कालांवाली यूनाटेड स्पोर्टस एवं वैलफेयर क्लब कालांवाली द्वारा असीर रोड पर स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट खेल मेले में फाइनल मैच में घुक्कांवाली की टीम ने कालांवाली की टीम को पराजित कर प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए का इनाम जीता, वहीं उप विजेता टीम कालांवाली को 71 हजार रुपए का इनाम दिया गया। क्लब के सदस्य संदीप सरां व लखबीर सिंह, याद सरां व विमल शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय खेल मेले के समापन्न समारोह में कालांवाली के पूर्व विधायक बलकौर सिंह, आप पार्टी के नेता कुलदीप सिंह गदराना सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। क्लब के चेयरमैन गुरप्रीत सरां व प्रधान जिम्मी दंदीवाल की देखरेख में खेल मेले में मैन ऑफ दी सिरीज रहने वाले खिलाडी निकडी नसीबपुरा को घोड़े का वछेरा इनाम दिया गया।

### भाजपा व कांग्रेस ने युवाओं के भविष्य को किया बर्बादः चौटाला

**सिरसा।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को सिरसा में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 23 मार्च को नरवाना में युवा इनेलो के बैनर तले प्रादेशिक स्तर पर शहीदी दिवस सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इनेलो नेता ने कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश का युवा इस समय बड़ी समस्याओं से घिरा है क्योंकि शासन की ओर से उनके बेहतर भविष्य के लिए किसी भी प्रकार की कोई रोजगार व अन्य हितकारी नीति नहीं बनाई, यही वजह है कि आज प्रदेश का युवा अपनी भूमि बेचकर विदेशों की ओर जाने को बाध्य हो रहा है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जब उन्होंने प्रदेशभर में पदयात्रा की थी, उस समय उन्हें युवाओं की अनेक समस्याओं का ज्ञान हुआ था जिसमें सर्वाधिक बेरोजगारी थी।


**सिरसा।** एनएसएस शिविर को संबोधित करते रणजीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## एनएसएस बनाता है जिम्मेदार नागरिकः रणजीत सिंह

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहा साप्ताहिक एनएसएस कैंप शुक्रवार को संपन्न हो गया। कैंप के समापन पर जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि स्वेच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना को शुरू किया गया। एनएसएस का मुख्य उद्देश्य स्वयं से पहले आप के सिद्धांत के माध्यम से छात्रों में सामुदायिक सेवा और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही छात्रों को उस समाज को समझने और उससे जुडने में सक्षम बनाता है। यह छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने तथा लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को विकसित करता है। सामुदायिक समस्याओं की पहचान करके और अपने ज्ञान का उपयोग करके व्यवहारिक समाधान खोजने की दक्षता को विकसित करता है। समूह में काम करने, जिम्मेदारियां साझा करने और नेतृत्व के गुण विकसित कर एक बेहतर नागरिक बनाने का कार्य करता है। उन्होंने एनएसएस के विभिन्न कैंपों तथा अवार्ड के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस दौरान चार बच्चों को बेस्ट एक्टिव वालंटियर चुना गया जिसमें प्रिया, कामना, यशिका और करुणा वर्मा शामिल थी, जिन्हें मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इस दौरान सभी एनएसएस शिविर की सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

**अभियान** भूना में पानी के बिलों की रिकवरी के लिए अभियान तेज

*टीम घर-घर जाकर लोगों से करेगी संपर्क*

# जनस्वास्थ्य विभाग ने 3 टीमों का किया गठन, अवैध कनेक्शनों की भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और पानी के बिलों की बकाया राशि की वसूली के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। विभाग की ओर से जल शुल्क बढ़ाने और अवैध पानी कनेक्शनों पर रोक लगाने के उद्देश्य से तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है।

ये टीमें शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में जाकर घर-घर संपर्क कर बकाया बिलों की वसूली करेंगी तथा अवैध कनेक्शनों की जांच भी करेंगी। विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य उन उपभोक्ताओं से संपर्क करना है


**भूना।** बैठक में पानी के बिलों की रिकवरी को लेकर कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जिनके पानी के बिल लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि गठित टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को जागरूक करते हुए बकाया राशि जमा करवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही शहर में बिना अनुमति लिए चल रहे अवैध पानी कनेक्शनों की भी जांच की जाएगी।

### अवैध रूप से पानी का उपयोग करने पर होगी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से पानी का उपयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। शर्मा चंद्र लाली ने बताया कि पानी एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है और इसका संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए आमजन को पानी की बर्बादी रोकने और वैध कनेक्शन के माध्यम से ही पेयजल सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपमंडल अभियंता विकास पारीक ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल राजस्व वसूली करना नहीं है, बल्कि शहरवासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पानी के बिल समय पर जमा करवाएं ताकि शहर में स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन अवैध हैं, वे जल्द से जल्द उन्हें नियमित करवा लें। यदि चेकिंग के दौरान अवैध कनेक्शन पाए जाते हैं तो संबंधित उपभोक्ता पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान आयोजित बैठक में खंड सयोजक राकेश कुमार, खंड संयोजक मोनिका रानी, सतीश कुमार, सोनू कुमार, परवीन कुमार, संदीप कुमार, दुष्यंत चोपड़ा, निर्मला रानी, सुमन रानी, कांता रानी और सुनील कुमार सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद में 12 करोड़ का पानी बकाया

**फतेहाबाद।** शहर में जहां एक ओर लोग पीने के पानी की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पानी के बिलों का भुगतान नहीं करने की समस्या भी सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद शहर में करीब 12 करोड़ रुपये से अधिक पानी के बिल बकाया पड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि शहर की कई कॉलोनियों में लंबे समय से पानी के बिल जमा नहीं करवाए गए हैं। इनमें हरनाम कॉलोनी, स्वामी नगर, मातूराम कॉलोनी और राजीव कॉलोनी प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कॉलोनियों में ही लगभग 80 लाख रुपये के पानी के बिल बकाया बताए जा रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग अब सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है।

### तोड़फोड़ मामले में पांचवां आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जनवरी माह में शहर की मातू राम कॉलोनी में हुई तोडफ़ोड़ और दहशत फैलाने की वारदात के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने पांचवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जतिन उर्फ जग्गा पुत्र गुलशन कुमार निवासी सुंदर नगर हाल आर.के. कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने इस बारे पुलिस ने अरुण कुमार शर्मा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 5 जनवरी की रात कुछ युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए एक कार को अत्यंत लापरवाही और आक्रामक तरीके से चलाते हुए उनके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल में जानबूझकर टक्कर मारी थी।

### सच्ची दाड़ी धाम में मेला 25 व 26 को

**सिरसा।** श्री गुरु संगत साहिब सच्ची दाड़ी धाम में सलाना मेले को लेकर बाबा योगेश दास महाराज की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक में सेवादारों दवारा बढ़ चढक़र भाग लिया गया। बाबा योगेश दास महाराज ने कहा कि श्री गुरु संगत साहिब सच्ची दाड़ी धाम सिरसा में 25 व 26 मार्च 2026 को सलाना मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मेले पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली, राजस्थान, यूपी आदि राज्यों से श्रद्धालु बढ़ चढक़र पहुंचेंगे और श्रीश्री 1008 बाबा श्रीचंद महाराज, बाबा गजन दास महाराज, बाबा अमर दास महाराज, बाबा चरणदास महाराज, बाबा जीवन दास महाराज व बाबा भाग दास महाराज का आशीर्वाद लगे।

### ताऊ देवीलाल मार्केट में दो दुकानों के ताले टूटे

**फतेहाबाद।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में चिंता का माहौल बनता जा रहा है। बीती रात ताऊ देवीलाल मार्केट स्थित जोगेंद्र स्कूटर हाउस में चोरों ने शटर तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दो दिन पहले भी चोरों ने जीटी रोड पर बस अड्डा चौकी के पास स्थित तीन दुकानों के ताले तोड़े थे। मिली जानकारी के अनुसार चोर दुकान का शटर तोडक़र अंदर घुसे और वहां से करीब पांच हजार की नकदी चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने साथ लगती एक अन्य दुकान के भी ताले तोड़ दिए, हालांकि वहां से कोई सामान चोरी होने की सूचना नहीं मिली है। घटना की जानकारी सुबह दुकान मालिक के पहुंचने पर लगी, जिसके बाद आसपास के दुकानदार भी मौके पर एकत्र हो गए।

### गांव मस्तानगढ़ में आयोजित होला महल्ला पर्व में की शिरकत

# नामधारी समाज का इतिहास त्याग, बलिदान व संघर्ष से भरा हुआ: केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि नामधारी समाज की परंपराएं देशभक्ति, सामाजिक सुधार और आध्यात्मिक मूल्यों का अद्भुत संगम हैं। नामधारी समाज का इतिहास त्याग, बलिदान और संघर्ष से भरा हुआ है और यह भारत के गौरवशाली इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को रानियां क्षेत्र के गांव मस्तानगढ़ में आयोजित होला महल्ला पर्व में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर यहां आकर उन्हें अत्यंत सौभाग्य का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने होली के पर्व को एक नई परंपरा के रूप में 'होला मोहल्ला' के रूप में स्थापित किया था। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि वीरता, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नामधारी समाज ने सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। गौ-वध के विरोध, शिक्षा के प्रसार, नशा मुक्ति अभियान और समाज सेवा के कार्यों में इस समाज की भूमिका सराहनीय रही है। कोरोना महामारी, भूकंप, बाढ़ और अन्य आपदाओं के समय भी नामधारी समाज ने आगे बढक़र सेवा कार्य किए हैं। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने सिख इतिहास के वीर बालकों की स्मृति में हर वर्ष वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है, ताकि उनके साहस और बलिदान को आने वाली पीढिय़ां याद रखें। उन्होंने नामधारी समुदाय के सतगुरु उदय सिंह जी को नमन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देश में एकता, सद्भावना तथा आध्यात्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सिख समाज के सम्मान और उनके योगदान को मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



**सिरसा।** गांव मस्तानगढ़ में आयोजित होला महल्ला कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

#### गुरु किसी एक समुदाय के नहीं होते

वहीं सतगुरु उदय सिंह जी ने कहा कि गुरु व अवतार किसी एक समुदाय के नहीं होते, बल्कि पूरे संसार के लिए होते हैं। उन्होंने कहा कि सतगुरु राम सिंह जी का सबसे बड़ा योगदान महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए रहा। उस समय समाज में कन्या हत्या जैसी कुरीतियां प्रचलित थीं और बच्चियों को जन्म लेते ही मार दिया जाता था या उन्हें पैसों के लिए बेच दिया जाता था। सतगुरु राम सिंह जी ने ऐसे कृत्यों का कड़ा विरोध करते हुए स्पष्ट कहा था कि जो व्यक्ति बच्ची को मारेगा या बेचेगा, उसे संगत में स्थान नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उस दौर में विधवाओं को समाज में बेहद कठिन और अपमानजनक जीवन जीना पड़ता था। इस कुरीति को समाप्त करने के लिए सतगुरु राम सिंह जी ने विधवा विवाह की परंपरा को फिर से शुरू किया और महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने महिलाओं को अमृत पान कराने की भी

#### संतों ने हमेशा दिया भाईचारे का संदेश

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नामधारी समुदाय और अन्य संतों ने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हमारे संतों ने हमेशा समाज को भाईचारे और एकता का मार्ग दिखाया है, जिसका हमें मजबूती से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संतों ने समाज की सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया था, उसी तरह आज भी समय-समय पर नई सामाजिक बुराइयां सामने आती रहती हैं। इन बुराइयों को दूर करने के लिए हमारे पास साधन और मार्गदर्शन उपलब्ध है, जो संतों के आशीर्वाद और उनकी वाणी से मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को मजबूत बनाने और विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि जब देश नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से मुक्त होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणु शर्मा, फतेहाबाद जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य आदि रहे।

# सेम और जलभराव के मुद्दे पर किसानों ने किया प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** डीसी को ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

- बीमा कंपनियों के खिलाफ किसानों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सैंकड़ों किसानों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार और बीमा कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने किया।

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि फतेहाबाद जिले के लगभग 23-24 गांवों खासकर बड़ोपल, चिंदड़, गोरखपुर, कुम्हारिया से लेकर भट्टूकलां, जांडवाला बागड़ तक में हजारों एकड़ भूमि पिछले काफी वर्षों से सेम और जलभराव की समस्या से जूझ रही है। इसके कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और भूमि बंजर होने की कगार पर है। विष्णुदत्त ने बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 से 2025 तक का बीमा क्लेम और मुआवजा अभी तक बकाया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के खातों से प्रीमियम की राशि तो काट ली है, लेकिन नुकसान होने पर एक पैसा भी नहीं दिया जा रहा।

#### बीमा कंपनियों पर की जाए कानूनी कार्रवाई

प्रदर्शनकारी किसानों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 7 हजार से 15 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की जो घोषणा की गई थी, वह केवल कागजों तक सीमित रही। जमीनी स्तर पर ढाणियों के नुकसान की भरपाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। किसान सभा ने मांग की है कि बीमा कंपनियों की कथित लूट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और तुरंत बीमा क्लेम व ढाणियों को हुए नुकसान का मुआवजा जारी किया जाए।

# 'मुझे अपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवरे' भजनों पर झूमे श्यामभक्त

- कलाकारों ने श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और रसमयी माहौल बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव नागपुर में गुरूकृपा मंडल और सरदाना परिवार द्वारा होली उत्सव पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। सरदाना परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने गणेश वंदना और गुरु वंदना के साथ की।

भारत टुटेजा द्वारा प्रस्तुत भजन 'होली में उड़े रे गुलाल श्याम तेरे मंदिर में, आज ब्रिज में होली रे रसिया' ने को नाचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने 'मेरे बांके बिहारी पिया चुरा दिल मेरा लिया, राधे राधे बोल रे मनवा' के साथ श्याम नाम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद अनेक कलाकारों ने श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और रसमयी माहौल बना दिया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'बिन पिये नशा हो जाता है, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, मेरी चूनर पे पढ़ गयो दाग री, होली है आज बृज में होली है, बरसाना जाना है, आशा रख पगली वो आयेंगे, मस्तो की मस्ती बरसाना मेरा गांव है' आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में खूब आनंद बरसा और श्यामभक्तों ने होली का खूब आनंद लिया।



**फतेहाबाद।** भजन गायक भारत को सम्मानित करते सरदाना परिवार।

# एमएम कॉलेज में हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

- गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सिखाए कार्य-दक्षता और अनुशासन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। एक मार्च से शुरू हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के भीतर सकारात्मक व्यवहार, कार्य कुशलता और संस्थागत अनुशासन को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, किसी भी शिक्षण संस्थान की प्रगति में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भूमिका एक रीढ़ की हड्डी के समान होती है। जब तक प्रशासनिक और सहायक स्टाफ पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य नहीं करता, तब तक संस्थान शैक्षणिक ऊंचाइयों को नहीं छू सकता। एफडीपी के विशेष सत्र में आज रिटायर्ड एसएचओ ट्रैफिक मंगत राम मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने कर्मचारियों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए दैनिक जीवन और कार्यस्थल पर नियमों के पालन की महत्ता बताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक अनुशासित कर्मचारी ही संस्थान की छवि को समाज में बेहतर बना सकता है।




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में उपस्थित मुख्य वक्ता व प्राचार्य। *फोटो : हरिभूमि*


#### टीम भावना सिखाई

एसएस मल्होत्रा ने कर्मचारियों को संस्थान के सिद्धांतों का पालन करने और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टीम भावना से काम करने पर बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यस्थल पर तनाव मुक्त रहने और बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी गई। प्राचार्य ने कहा कि यह कार्यशाला केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय और तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने का भी एक साझा मंच साबित हो रही है।

# पुराने साथी रहे केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मिले जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज रानियां के जीवन नगर में आयोजित होला मोहल्ला उत्सव में शिरकत करने पहुंचे। इस अवसर पर फतेहाबाद से बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा भी अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से व्यक्तिगत मुलाकात की तथा संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। नड्डा ने फतेहाबाद जिले में संगठन की मजबूती के बारे में भी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से रिपोर्ट ली तथा फतेहाबाद मां बीजेपी की संगठनात्मक मजबूती की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ाया। नड्डा ने कहा कि उन्हें समय समय पर फतेहाबाद जिले की संगठनात्मक रिपोर्ट मिलती रहती है।



# न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस

- महिला सशक्तिकरण के महत्व पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी और आईटीआई, भोडिया खेड़ा के संयुक्त तत्वाधान से आईटीआई में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित अनीता क्रांति और हिसार जिले के राजली गांव की सरपंच सुनीता देवी उपस्थित रही। संस्था के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़, राजली गांव से वजीर, सुधीर कुमार जूनियर अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट अधिकारी, आईटीआई भोडिया खेड़ा के प्राचार्य रमेश कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद अतिथियों का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।



**फतेहाबाद।** विजेता महिलाओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

#### चुनाव खर्च का ब्यौरा न देने वालों की सुनवाई

**भूना।** टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने शुक्रवार को खंड कार्यालय भूना में पंचायत चुनाव से संबंधित मामलों की समीक्षा की। बीडीपीओ भजन लाल शर्मा ने ब्लॉक में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन पंचों, सरपंचों और ब्लॉक समिति सदस्यों के मामलों की सुनवाई की गई, जिन्होंने अभी तक अपने चुनाव खर्च का निर्धारित ब्यौरा प्रशासन को प्रस्तुत नहीं किया है। एसडीएम ने संबंधित जनप्रतिनिधियों को समय पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि चुनावी खर्च का विवरण देना नियमों के तहत अनिवार्य है। बैठक के दौरान एसडीएम ने खंड कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्राम सचिवों से गांवों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।



**भूना।** पंचायत चुनाव से संबंधित मामलों में पहुंचे एसडीएम का स्वागत करते।

# किराया न भरने पर दुकानों को सील करने के लिए कार्रवाई करेगी नपा

- 31 मार्च तक दुकानों का किराया और प्रॉपर्टी टैक्स भरने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया नगर पालिका ने बकाया किरायेदारों और प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों के खिलाफ सख्ती का निर्णय लिया है। नगर पालिका सचिव ने निर्देश दिए हैं कि 31 मार्च तक प्रॉपर्टी टैक्स और दुकानों का किराया न भरने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जो दुकानदार 31 मार्च तक अपनी दुकानों का किराया नहीं भरेंगे उनकी दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। नगर पालिका सचिव ने यह निर्देश आज कर्मचारियों की मीटिंग के दौरान दिए। इस अवसर पर लेखाकार मनजीत कौर, करण गेरा, लकी कुमार व अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। नगर पालिका सचिव ने निर्देश देते हुए बताया कि रतिया शहर में जिन भी लोगों का नगर पालिका का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वह 31 मार्च तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दें। साथ ही जो नगर पालिका के दुकानदार किराया नहीं भरा रहे, वह भी अपना बकाया किराया 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में अथवा ऑनलाइन जमा करवा दे। अगर 31 मार्च तक किराया नहीं भरा गया और प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा कराया गया तो नगर पालिका द्वारा बकायादारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जो दुकानदार किराया नहीं भरेंगे उनकी दुकानों को सील करने के लिए भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 110 देवर-भाभी की जोड़ियां हुई सम्मानित, जिला परिषद ने लिया उत्सव का आनंद

# बैजलपुर में कोरड़ा मार होली का अनोखा फाग उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

गांव बैजलपुर के सार्वजनिक चौक में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक फाग उत्सव का शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। इस अनोखे उत्सव में देवर-भाभी की कोरड़ा मार होली मुख्य आकर्षण रही। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में भाग लेने वाली 110 देवर-भाभी की जोडिय़ों को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़ विशेष अतिथि के रूप में पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ इस अनूठी परंपरा का आनंद लिया। समारोह के दौरान सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने भी कोरड़ा मार होली खेलकर ग्रामीणों को भाईचारे और एकता का संदेश दिया। बैजलपुर की कोरड़ा मार होली अब हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। उत्सव में विजेता देवर-भाभी की जोडिय़ों को घरेलू बर्तन देकर सम्मानित किया गया।



#### कोरड़ों और हंसी-मजाक के बीच दिखा भाईचारे का रंग

उत्सव के दौरान सरपंच हेमंत सिंह ने कढ़ाई से पानी डालकर भाभियों को होली खेलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद भाभियों ने रस्सियों से बने कोरड़ों से सरपंच और युवकों पर हल्के-फुल्के वार किए। इस दौरान पूरा चौक ठहाकों और उत्साह से गूंज उठा। बैजलपुर में हर साल मजबूत रस्सियों से बने कोरड़ों से सरपंच, गणमान्य व्यक्तियों और युवकों की प्रतीकात्मक पिटाई की जाती है, जिसे लोग त्योहार की परंपरा और मनोरंजन का हिस्सा मानते हैं।

#### 2004 में झगड़े खत्म करने के लिए हुई थी शुरुआत

सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया ने बताया कि गांव में सामूहिक फाग उत्सव की शुरुआत वर्ष 2004 में हुई थी। उस समय हवलदार सतबीर सिंह झाझड़िया, मास्टर रोहताश भाखर और धर्मबीर कादियान के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई थी। इसका उद्देश्य होली के दौरान होने वाले झगड़ों को खत्म करना और गांव में आपसी भाईचारा कायम रखना था। पहले गांव के अलग-अलग मोहल्लों में होली खेली जाती थी, जिससे कई बार विवाद हो जाते थे, लेकिन सार्वजनिक चौक में सामूहिक होली शुरू होने के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया और आपसी सौहार्द बढ़ा। फाग उत्सव कमेटी के प्रधान सतबीर सिंह झाझड़िया के नेतृत्व में गांव के कई सदस्य आयोजन की व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। कमेटी के सदस्य धर्मबीर कादियान, बलवान झाझड़िया और विकास मावलिया ने बताया कि इस आयोजन से गांव में भाईचारा मजबूत हुआ है और पानी की बर्बादी पर भी काफी हद तक रोक लगी है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई यह परंपरा अब युवा पीढ़ी भी पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ा रही है। बैजलपुर की यह अनोखी कोरड़ा मार होली अब दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो चुकी है और हर साल बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचते हैं।